भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4107
(25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)

मनरेगा के अंतर्गत बेरोजगारी भत्ता

4107. डॉ. डी. रवि कुमारः

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की धारा 7(1) के अंतर्गत बेरोजगारी भत्ते के लिए देश भर में कितने आवेदक पात्र हैं और विगत पांच वर्षों के दौरान कुल कितनी निधि वितरित की गई है;

(ख) वर्ष 2019 से तमिलनाडु में मनरेगा के अंतर्गत बेरोजगारी भत्ते के लिए कितने आवेदक पात्र हैं और जिलावार कुल कितनी धनराशि वितरित की गई है;

(ग) क्या सरकार ने विशेषकर तमिलनाडु में मनरेगा के अंतर्गत बेरोजगारी भत्ते के भुगतान के कार्यान्वयन में किसी चुनौती को चिन्हित किया है और यदि हां , तो उन्हें दूर करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और

(घ) सरकार द्वारा राष्ट्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर बेरोजगारी भत्ते का समय पर वितरण सुनिश्चित करने और मनरेगा के माध्यम से इसकी गणना में पारदर्शिता में सुधार करने के लिए कौन से कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(श्री कमलेश पासवान)

(क): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के अंतर्गत पात्र श्रमिकों की संख्या और भुगतान किए गए बेरोजगारी भत्ते का वर्ष-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:

वित्तीय वर्ष	पात्र श्रमिकों की संख्या	भुगतान किया गया बेरोजगारी भत्ता (रुपये में)
2019-20	297568	31106
2020-21	392074	247879
2021-22	420490	313463
2022-23	184320	1184487
2023-24	73316	205132

नरेगासॉफ्ट के अनुसार

(ख): नरेगा योजना के अनुसार महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत तमिलनाडु में पात्र श्रमिकों की संख्या और भुगतान किए गए बेरोजगारी भत्ते का जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग) और (घ): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 की धारा 7(1) के अनुसार ''यदि योजना के अंतर्गत रोजगार के लिए किसी आवेदक को उसके रोजगार की मांग हेतु आवेदन प्राप्त होने की तारीख से पंद्रह दिनों के भीतर अथवा अग्रिम आवेदन के मामले में रोजगार की मांग की गई तारीख से , जो भी बाद में हो , रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है , तो वह आवेदक इस धारा के अनुसार दैनिक बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने का हकदार होगा।'' बेरोजगारी भत्ते का भुगतान करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।

यह मंत्रालय श्रम बजट बैठक , मध्यावधि समीक्षा बैठक , मासिक समीक्षा बैठक तथा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ अन्य बातचीत के माध्यम से बेरोजगारी भत्ते के भुगतान से संबंधित प्रगति की निरंतर निगरानी करता है।

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 25.03.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 4107 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत तमिलनाडु में पात्र श्रमिकों की संख्या और भुगतान किए गए बेरोजगारी भत्ते का जिला-वार ब्यौरा			
		2019-2020	
क्र. सं.	जिला	पात्र श्रमिकों की संख्या	भुगतान किया गया बेरोजगारी भत्ता (रुपए में)
1	अरियालूर	2	0
2	कुड्डालोर	2	0
3	सेलम	99	0
4	शिवगंगा	55	0
5	तिनकासी	36	0
6	तिरुचिरापल्ली	1	0
7	तिरुनेलवेली	18	0
8	विरुधुनगर	15	0
	कुल	**228**	**0**

क्र. सं.	2020-2021		
	जिला-वार	पात्र श्रमिकों की संख्या	भुगतान किया गया बेरोजगारी भत्ता (रुपए में)
1	कन्याकुमारी	14	0
2	कृष्णागिरी	1	0
3	रानीपेट	27	0
4	शिवगंगा	2	0
	कुल	**44**	**0**

महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत तमिलनाडु में पात्र श्रमिकों की संख्या और भुगतान किए गए बेरोजगारी भत्ते का जिलावार ब्यौरा			
क्र. सं.	जिला	2021-2022	
		पात्र श्रमिकों की संख्या	भुगतान किया गया बेरोजगारी भत्ता (रुपए में)
1	अरियालूर	15	0
2	चेंगलपट्टू	363	0
3	कुड्डालोर	113	0
4	धर्मपुरी	9	0
5	डिंडिगुल	70	0
6	ईरोड	4	0
7	कल्लाकुरिची	165	0
8	कांचीपुरम	14	0
9	कन्याकुमारी	1	0
10	करूर	101	0
11	कृष्णागिरी	73	0
13	मयिलाडुतुरै	800	0
14	नागपट्टिनम	78	0
15	नामक्कल	453	0
16	पेरम्बलुर	1	0
17	पुदुक्कोट्टई	3	0
18	रामनाथपुरम	1	0
19	रानीपेट	6	0
20	सेलम	2	0
21	शिवगंगा	91	1228
22	तेनकासी	35	0
23	तंजावूर	214	0

24	तिरुनेलवेली	141	0
25	तिरुपत्तूर	17	0
26	तिरुवन्नामलाई	70	0
27	तिरुवरुर	1	0
28	विल्लुपुरम	3425	0
29	विरुधुनगर	23	0
	कुल योग	**6289**	**1228**

महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत तमिलनाडु में पात्र श्रमिकों की संख्या और भुगतान कि जाने योग्य बेरोजगारी भत्ते का जिलावार ब्यौरा

क्र. सं.	जिला	2022-2023		2023-2024	
		पात्र श्रमिकों की संख्या	भुगतान किया गया बेरोजगारी भत्ता (रुपए में)	पात्र श्रमिकों की संख्या	भुगतान किया गया बेरोजगारी भत्ता (रुपए में)
1	अरियालूर	1	0	1	0
2	चेंगलपट्टू	3	0	2	0
3	कुड्डालोर	93	19806	13	0
4	धर्मपुरी	1	0	10	0
5	कल्लाकुरिची	1	0		
6	कन्याकुमारी	4	0	3	0
7	करूर	19	0		
8	मदुरै	18	0		
9	मयिलाडुतुरै			1	0
10	नागपट्टिनम			2	0
11	नामक्कल	9	3374		
12	पुदुक्कोट्टई	7	0		
13	रामनाथपुरम	1	0	1	0
14	रानीपेट	1	1264	2	0
15	सेलम	6	0		
16	शिवगंगा	421	303191	26	0
17	तेनकासी	325	0		
18	तंजावूर	1	422		
19	थुथुकुडी			2	0
20	तिरुचिरापल्ली				
21	तिरुनेलवेली	31	0	3	0
22	तिरुपूर			7	5950

23	तिरुवल्लुर	29	0		
24	तिरुवन्नामलाई	9	0		
25	विरुधुनगर	1	0		
	कुल योग	**981**	**328057**	**73**	**5950**